(4)

# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, बोकारो।

सरफेसी वाद सं0–12/2017–18
केनारा बैंक, चास
बनाम्
**M/S Bhagwati Electrical Works & oths.**

–: आदेश :–

**25.08.2018**

प्राधिकृत पदाधिकारी, केनारा बैंक, लक्ष्मी निवास, बाईपास रोड, चास, बोकारो द्वारा धारा 14 (**1 and 2**) OF THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSESTS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT 2002 (SARFAESI) के तहत M/S Bhagwati Electrical Works प्रो0 श्री प्रदीप कुमार पिता श्री प्रह्लाद गोरॉई सा0–दारकु नगर, चास, बोकारो के विरूद्ध बैंक में गिरवी रखे गए सम्पत्ति/भूमि पर दखल–कब्जा प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र दाखिल किया गया है।

फलस्वरूप न्यायालय में उक्त एक्ट के तहत कार्रवाई प्रारंभ किया गया एवं सुनवाई हेतु तिथि निर्धारित करते हुए उभय पक्षो को अपना–अपना पक्ष रखने के लिए सूचित किया गया।

प्रथम पक्ष केनारा बैंक, चास, बोकारो की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई और अपना पक्ष रखा। उनके द्वारा कहा गया कि विपक्षी ने अपनी सम्पत्ति (मौजा भतानीपुर–52, खाता सं0–13, प्लॉट सं0–873 रकवा–10डी0, चन्दनकियारी रोड के विद्यापति नगर में अवस्थित) को गिरवी रखते हुए 31,00,000.00 (एकतीस लाख) रूपये का बैंक से ऋण लिया गया था जिसे अब तक उनके द्वारा नही चुकाया गया है। उनके द्वारा ऋण की वापसी में अनियमितता बरती गई है। ऋणकर्त्ता का खाता दिनांक 30.00.2016 को ही एन0पी0ए0 हो गया है। ऋण की वापसी हेतु बैंक के द्वारा SARFAESI ACT–2002 के विभिन्न धाराओं के तहत नियमानुसार कार्रवाई के बावजुद भी विपक्षी की ओर से बकाया राशि की वापसी की दिशा में कोई पहल नहीं किया गया।

विपक्षी अनुपस्थित। नोटिस तामिलकर्त्ता द्वारा सूचित किया गया है कि विपक्षी ने नोटिस लेने से इन्कार कर दिया।

वर्णित परिस्थिति में SARFAESI ACT–2002 की धारा 14(1 एवं 2) निहित प्रावधानों के तहत प्राधिकृत पदाधिकारी, केनारा बैंक, लक्ष्मी निवास, बाईपास रोड, चास, बोकारो द्वारा किए गए अनुरोध पर प्रश्नगत सम्पत्ति/भूमि पर दखल–कब्जा प्राप्त करने के क्रम में शांति भंग न हो इसके लिए

(5)

विधि–व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक, बोकारो एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, चास आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगें।

तदनुसार संबंधित को सूचित करें ।

लेखापित एवं संशोधित।

| | |
|---|---|
| उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी<br>बोकारो। | 23.08.18<br>उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी<br>बोकारो। |

Digitally signed by VIJAYA NARAYANRAO JADHAV
Date: 2025.04.22 11:09:33 +05:30
Location: 192.168.1.101